आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेशिक समाचार

दिनांकः 25.11.2025 समय : 18.30 पीएम

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर धर्म ध्वजा फहराई–उन्होंने ध्वज भारतीय सभ्यता के पुनर्जागरण का प्रतीक बतायां
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पाली जिले में 110 करोड़ रूपये से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास कियां
- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संविधान की पूर्व संध्या पर युवाओं से संविधान को जानने और समझाने की अपील कीं
- खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय के मानव सारदा ने साईकिलिंग में राजस्थान के लिए स्वर्ण पदक जीतां

0000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज उत्तर प्रदेश के अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर धर्म ध्वजा फहराई इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि यह ध्वज भारतीय सभ्यता के पुनर्जागरण का प्रतीक हैं उन्होंने कहा कि यह पवित्र ध्वज इस बात का प्रमाण है कि अंततः असत्य पर सत्य की विजय होती हैं उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार प्रत्येक व्यक्ति, विशेषकर समाज के वंचित वर्गों के उत्थान के लिए काम कर रही हैं श्री मोदी ने कहा कि राम भेदभाव नहीं करते और सरकार भी इसी भावना के साथ आगे बढ़ रही हैं

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पाली जिले के चामुंडेरी इलाके में 110 करोड़ रूपये से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास कियां इस दौरान उन्होंने राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय का भी लोकार्पण कियां श्री शर्मा ने कहा कि डबल इंजन की सरकार पारदर्शिता से 8 करोड़ जनता के लिए काम कर रही हैं उन्होंने 63 करोड़ 60 लाख रूपये के जिला चिकित्सालय भवन और 18 करोड़ 95 लाख रूपये़ के निष्क्रमणीय पशुपालक बालक आवासीय विद्यालय का शिलान्यास कियां उन्होंने नाडोल से सादड़ी सड़क का भी लोकार्पण कियां सीएम ने पेपर लीक पर अंकुश लगाने और 5 लाख रोजगार देने का वादा दोहरायां उन्होंने सुमेरपुर में गौशाला कार्यक्रम में कहा कि उनकी सरकार गोसेवा के प्रति पूरी तरह समर्पित हैं

000

उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने आज जयपुर में प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग इंफॉर्मेशन सिस्टम एप्लिकेशन का लोकार्पण कियां यह नया सिस्टम सार्वजनिक निर्माण विभाग के सभी प्रोजेक्ट की वित्तीय और भौतिक प्रगति की रियल टाइम निगरानी करेगां उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के पर्यटन विकास में च्ॅक् की भूमिका महत्वपूर्ण हैं उन्होंने विभाग को निर्देश दिए कि पर्यटन क्षेत्रों तक पर्यटकों की आसान पहुँच के लिए अच्छी सड़कों का निर्माण प्राथमिकता से किया जाए, क्योंकि अच्छी कनेक्टिविटी से प्रदेश के आर्थिक विकास को नई गति मिलेगीं उन्होंने सड़क परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश भी दिएं

000

गोवा में चल रहे 56वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फ़िल्म महोत्सव 2025 में राजस्थानी फ़ीचर फ़िल्म 'व्हिस्पर्स ऑफ द माउंटेंस' की विशेष स्क्रीनिंग हुई निर्देशक जिगर नागदा और निर्माता जितेंद्र मिश्रा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में फ़िल्म पर चर्चा कीं यह फ़िल्म राजस्थान के अरावली क्षेत्र की पृष्ठभूमि पर आधारित है, जो आर्थिक विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच के नाजुक संतुलन को दिखाती हैं नागदा ने कहा कि फ़िल्म पिता–पुत्र के भावनात्मक टकराव के माध्यम से प्रकृति के विनाश पर प्रकाश डालती है, जबकि मिश्रा ने इसके वैश्विक सामाजिक प्रभाव को रेखांकित कियां

000

केंद्रीय वाणिज्य तथा उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि कागजी कार्रवाई और अनुमोदन आवश्यकताओं को कम करने के लिए 29 श्रम कानूनों को सरल बनाकर चार श्रम संहिताओं में

समूहीकृत किया गया हैं नई दिल्ली में राष्ट्रीय व्यापार नेताओं के सम्मेलन में उन्होंने कहा कि नई श्रम संहिताएँ बेहतर श्रम प्रथाओं को बढ़ावा देती हैं, श्रमिकों के लिए व्यावसायिक सुरक्षा सुनिश्चित करती हैं और राष्ट्रीय स्तर पर न्यूनतम मजदूरी की गारंटी देती हैं

000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने जयपुर के एक निजी विश्वविद्यालय में 'संविधान दिवस' के कार्यक्रम में युवाओं से बात कीं उन्होंने युवा पीढ़ी से कहा कि वे संविधान के बनने की प्रक्रिया और उसके मुख्य विचारों को ठीक से जानें उन्होंने युवाओं को देश को विकसित बनाने के काम में शामिल होने को कहां श्री बिरला ने बताया कि संविधान को जानने और समझने से देश के लोकतंत्र और उसके नियमों के लिए सम्मान बढ़ता हैं उन्होंने कहा कि देश को विकसित बनाने का लक्ष्य तभी पूरा होगा जब सब मिलकर काम करेंगें लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि भारत में हमेशा से ही लोकतांत्रिक विचार रहे हैं यहां सबकी बातों को सुनने और समझने की परंपरा रही है, जिसके बाद कोई फैसला लिया जाता हैं संविधान बनाते समय भी लंबी और गहरी चर्चाएँ हुई थीं उन्होंने बताया कि कई लोग सोचते थे कि भारत में लोकतंत्र सफल नहीं होगा, लेकिन देश में लोकतंत्र लगातार मजबूत हुआ हैं श्री बिरला ने युवाओं से कहा कि वे संविधान बनाते समय हुई बहसों को जरूर पढ़ें इसी वजह से कॉलेजों में 'नो योर कॉन्स्टिटयूशन' नाम के कार्यक्रम किए जा रहे हैं उन्होंने यह भी कहा कि कई विकसित देशों के विकास में भारतीय युवाओं ने बड़ा काम किया हैं

000

प्रदेश में चल रहे खेलो इण्डिया युनिवर्सिटी गेम्स में आज राजस्थान के लिये महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय के मानव सारदा ने पुरूषों के 40 किलोमीटर इंडीविजुअल टाइम ट्रायल में स्वर्ण पदक जीतां इसी विश्वविद्यालय की पूजा बिश्नोई ने रोड साईकिलिंग में राजस्थान को रजत पदक दिलायां जयपुर में निशानेबाजी के 10 मीटर एयर राइफल मुकाबले में लवली प्रोफेशन यूनिवर्सिटी ने स्वर्ण पदक जीतां बीकानेर में महिला वेटलिफ्टिंग के 48 किलो भार वर्ग में शिवाजी युनिवर्सिटी की काजोल सरगर सिरमौर बनीं फुटबॉल में अन्नामलाई युनिवर्सिटी तमिल नाडू ने गोवा युनिवर्सिटी को और हॉकी में एम.डी. युनिवर्सिटी हरिणाणा ने लवली प्रोफेशनल युनिवर्सिटी को हरायां

000

राज्य में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण ॅ(प्) का कार्य जारी हैं डूंगरपुर जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह ने बताया कि ज़िले में 100 प्रतिशत काम पूरा करने वाले 17 बीएलओ को सम्मानित किया गया हैं

.......................

वहीं मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में सीकर ज़िले में 127 बीएलओ ने शत–प्रतिशत कार्य लक्ष्य अर्जित कर लिया हैं ज़िला निर्वाचन अधिकारी मुकुल शर्मा ने बताया कि अभियान में बीएलओ दिन–रात अथक मेहनत कर रहे हैं उन्होंने कहा कि एसआईआर अभियान का मुख्य उद्देश्य स्वच्छ मतदाता सूची तैयार करना हैं भरतपुर में जिला निर्वाचन अधिकारी कमर चौधरी के नेतृत्व में अब तक एसआईआर में 11 लाख 33 हजार मतदाताओं में से 9 लाख 24 हजार मतदाताओं के प्रपत्र डिजिटाइज हो चुके हैं

000

बालोतरा जिले के प्रसिद्ध तीर्थ रानी रूपा दे मंदिर में वार्षिकोत्सव का आयोजन हुआं इस अवसर पर मंदिर ट्रस्ट ने राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण–रालसा के सहयोग से 'सृजन से सुरक्षा' कार्यक्रम आयोजित कियां इस कार्यक्रम में नवजात कन्याओं के नाम पर पौधरोपण किया गया और उनके अभिभावकों को इन पौधों के संरक्षण की शपथ दिलाई गईं विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सिद्दार्थदीप ने इस दौरान उपस्थित लोगों को बालिकाओं के शिक्षा और अन्य कानूनी अधिकारों की महत्वपूर्ण जानकारी दीं

000

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने आज नव निर्वाचित विधायक प्रमोद जैन भाया को शपथ दिलाई श्री भाया ने हिंदी में शपथ लीं श्री देवनानी ने श्री भाया को बधाई दीं इस दौरान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और कई अन्य विधायक मौजूद थें

000